-प्रेस नोट-

जनपद-मीरजापुर

दिनांक-29.07.2021

थाना चुनार पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग से सम्बन्धित ₹ 5000.00/- का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार—

अपराध की रोकथाम एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चुनार पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग से सम्बन्धित ₹ 5000.00/- के इनामिया वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । वर्ष-2017 में थाना चुनार पर वादी महेन्द्र उराव निवासी टाकू थाना कुन्दू जनपद लोहरदग्गा, झारखण्ड द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध अपनी(वादी की) पत्नी की हत्या करने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था । उक्त अभियोग की विवेचना थाना चुनार पुलिस द्वारा की जा रही थी । जिसमें फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा ₹ 5000.00/- का इनाम घोषित किया गया था । दिनांक 29.07.2021 को उ0नि0 योगेन्द्रनाथ यादव मय हमराह हे0का0 प्रमोद यादव, का0 नागेन्द्र पटेल द्वारा इनामिया अभियुक्त सुरेन्द्र उराव पुत्र सोमरा उराव निवासी टाकू थाना कुन्दू जनपद लोहरदग्गा, झारखण्ड को उसके घर से गिरफ्तार नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

1877
जनशिकायत अधिकारी
कार्यालय
कार्यालय
Shot on OnePlus
By R.K.BIND